देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 05.06.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज पूरे प्रदेश में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सघन पौधारोपण किया जाएगा।
- केंद्र सरकार, अक्टूबर 2026 से दो चरणों में जाति गणना के साथ जनगणना कराएगी।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का आगमन निरन्तर जारी है। अब तक 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत ऊधमसिंह नगर के छतरपुर व मलसी में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज पूरे प्रदेश में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सघन पौधारोपण किया जाएगा। इस संबंध में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाने और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे न केवल पर्यावरण पुनर्जीवित होगा, बल्कि भविष्य में किसानों और आम जनता को आर्थिक लाभ भी मिलेगा। उन्होंने इस अभियान में स्कूल, कॉलेज, पंचायत और स्वयंसेवी संगठनों को भी शामिल करने पर जोर दिया, ताकि यह एक जन आंदोलन का रूप ले सके।

उधर, शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे प्रदेश में पांच जून से 31 जुलाई तक सघन पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी उच्च शिक्षण संस्थानों को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी सभी से एक पेड़ माँ के नाम पहल को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। श्री प्रधान ने लोगों से विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन लाइफ के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। श्री प्रधान ने कहा कि यह पहल प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी का प्रतीक है। देश भर में पहले ही पांच करोड़ 50 लाख से अधिक पेड़ लगाए जा चुके हैं।

जनगणना

केंद्र सरकार ने वर्ष 2027 में दो चरणों में जनगणना कराने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही जाति गणना भी की जाएगी। जनगणना के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027 होगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि लद्दाख

और जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 1 अक्टूबर, 2026 होगी। इन संदर्भ तिथियों के साथ जनगणना कराने की अधिसूचना 16 जून को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित होने की संभावना है। पिछली जनगणना वर्ष 2011 में दो चरणों में की गई थी। पहले चरण में घरों की सूची बनाना और दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना थी।

कैबिनेट फैसले

राज्य मंत्रिमंडल ने बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान के तहत एराइवल प्लाजा में 'सुदर्शन चक्र स्कल्पचर' की विशिष्ट कलाकृति के निर्माण को मंजूरी प्रदान की है। साथ ही श्री बदरीनाथ धाम के लेकफ्रंट क्षेत्र में 'शेषनेत्र लोटस वॉल' नामक एक अति विशिष्ट कलाकृति स्थापित की जाएगी। यह कलाकृति प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट का हिस्सा होगी और श्री बदरीनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक व सांस्कृतिक आकर्षण का केंद्र बनेगी।

इसके अलावा, सरकार ने बताया कि राष्ट्रीय पेंशन योजना के अंतर्गत आने वाले कार्मिकों की सेवाओं को अब ग्रैच्युटी की देयता में जोड़ा जाएगा। यह निर्णय भारत सरकार के आदेशों के अनुरूप लिया गया है और इससे कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा का लाभ मिलेगा।

मुख्य सचिव

राज्य सरकार ने ऋषिकेश में जानकी सेतु के पास राफ्टिंग प्रबंधन केंद्र के निर्माण और डोईवाला–दूधली मोटर मार्ग के डबल लेन कार्य को मंजूरी दे दी है। देहरादून में आयोजित व्यय–वित्त समिति की बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राफ्टिंग प्रबंधन केंद्र के डिजाइन में पर्वतीय संस्कृति और ग्रीन बिल्डिंग को शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राफ्टिंग प्रबंधन केंद्र को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया जाए ताकि इसके संचालन और रखरखाव के लिए धन की व्यवस्था की जा सके। राफ्टिंग प्रबंधन केंद्र के निर्माण के बाद राफ्टिंग प्वाइंटों पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से लाइव वीडियो निगरानी के साथ ही परमिट, समय सारिणी और भीड़ नियंत्रण समेत अन्य कार्य किए जाएंगे।

भारतीय रेलवे

भारतीय रेलवे ने अनधिकृत बुकिंग के लिए ढाई करोड़ संदिग्ध उपयोगकर्ता आईडी को निष्क्रिय कर दिया है। रेल मंत्रालय ने कहा है कि नई आधुनिक तकनीक के माध्यम से एजेंटों के अनाधिकृत स्वचालित बुकिंग पर बहुत हद तक अंकुश लगाया है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत 29 मई से 12 जून तक देशभर के कृषि वैज्ञानिक विभिन्न गांवों और खेतों में जाकर किसानों को आधुनिक कृषि की जानकारी देने में जुटे हैं। इसी क्रम में ऊधमसिंह नगर के छतरपुर और मलसी में गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों के साथ नई कृषि तकनीक और सरकारी योजनाओं को साझा किया, साथ ही कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, बागवानी से जुड़ी किसानों की शंकाओं का समाधान भी किया।

कृषि विज्ञान केंद्र की प्रोफेसर डॉ. निर्मला भट्ट ने बताया कि किसानों को कीटों से बचाव के बारे में जागरूक किया गया।

मलसी गांव के किसान गज्जन सिंह ने विकसित कृषि संकल्प अभियान पहल की सराहना करते हुए सभी किसानों से इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है। यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का आगमन निरन्तर जारी है। चारों धाम में श्रद्धालु कतारबद्ध होकर सरलता से दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है। अबतक 21 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार के अथक प्रयासों और उत्तम व्यवस्थाओं का ही परिणाम है कि अब तक 21 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

गंगा दशहरा

आज गंगा दशहरा पर श्रद्धालु हरिद्वार में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित कर कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने भी गंगा दशहरा के लिए घाटों पर व्यापक इंतजाम किए हैं। इसके लिए हरिद्वार गंगा क्षेत्र को 11 जोन और 27 सेक्टरों में बांटा गया है।

गंगा दशहरा के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों और गंगा स्नान के लिये आने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाये दी हैं।

गंगा दशहरा हर साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। यह दिन गंगा नदी के धरती पर अवतरण का प्रतीक है। इस अवसर पर कुमाऊं श्रेत्र में घरों के मुख्य द्वार पर गंगा दशहरा पत्र लगाने की एक पुरानी परंपरा है।

जिलाधिकारी

राजधानी देहरादून स्थित आपदा कन्ट्रोलरूम की दीवारों को जिले के तहसील, थाना, हॉस्पिटल और आवश्यक सेवाओं वाले संस्थानों के जीआईएस मैप से सुसज्जित किया जाएगा। जिलाधिकारी सविन बसंल ने आपदा परिचालन केन्द्र का निरीक्षण के दौरान ये निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एनएच, जल संस्थान, यूपीसीएल, पेयजल विभाग को विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण समय रहते करने के निर्देश दिये हैं।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

उत्तराखंड सरकार का पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम फैसला— इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है— हाईब्रिड— इलेक्ट्रिक कारो का पंजीकरण शुल्क माफ।

जाति जनगणना की खबर को सभी समाचार पत्रो ने प्रमुखता दी हैं। राष्ट्रीय सहारा लिखता हैं— जनगणना दो चरणों में, साथ में जाति की भी होगी गणना। अमर उजाला की सुर्खी है— देश में एक मार्च 2027 से पहली बार होगी जाति आधारित जनगणना।

उत्तराखंड में वर्दीधारी विभागों की होंगी एक परीक्षा — इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान लिखता है— सिपाही से लेकर सब—इंस्पेक्टर रैंक तक आएंगे दायरे में, भर्ती के लिए विभागों के अपने— अपने मानक ही लागू होंगे।

देश में बढ़ते कोरोना के मामलों पर दैनिक जागरण लिखता हैं— कोविड को लेकर सरकार सतर्क— सभी जिलों को अस्पतालों में जरूरी संसाधन सुनिश्चित करने के निर्देश।